महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक: रू.वि./प्र.प.प्र./विविध/2021/1071-78 दिनांक: 29.12.2021

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय परिसर एंव समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जिनमें एल.एल.बी. तथा एम.एड. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सीटें रिक्त हैं, उन रिक्त सीटों को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित एवं ऐसे अभ्यर्थी जो प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुये हैं, से भरे जाने हेतु अंतिम तिथि 07 जनवरी, 2022 निर्धारित की जाती है।

उक्त पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के सापेक्ष संस्थान द्वारा सर्वसाधारण के संज्ञानार्थ **समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर,** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों अथवा ऐसे अभ्यर्थियों जो प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुये हैं से आवेदन प्राप्त कर, प्रवेश परीक्षा/अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर, आरक्षण के नियमों का पालन करते हुये संबंधित श्रेणी की रिक्तियों को भरना सुनिश्चित करेंगे। परन्तु ऐसे अभ्यर्थी जो प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हैं, को प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता प्रदान की जायेगी।

अतः समस्त संबंधित महाविद्यालय ऐसे प्रवेशित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची, **समाचार पत्र में प्रकाशित मूल विज्ञप्ति** तथा अभ्यर्थियों का अर्हक परीक्षा सम्बन्धी अंकपत्र आदि संलग्न कर अधोहस्ताक्षरी को सहायक कुलसचिव (प्रवेश/सम्बद्धता) के माध्यम से आवश्यक रूप से दिनांक 10 जनवरी, 2022 तक अनुमोदनार्थ उपलब्ध करा दें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत मेरिट सूची के प्रवेश को अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

कुलसचिव

1. प्रमुख समन्वयक, प्रवेश परीक्षा।
2. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. समस्त संबंधित महाविद्यालय, सम्बद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
4. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय परिसर।
5. सहायक कुलसचिव–प्रवेश/सम्बद्धता
6. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।
7. निजी सचिव–कुलपति, को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
8. श्री रविन्द्र कुमार गौतम, प्रोग्रामर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव